संख्या– 02 /IX/58/~~2012~~ 2013

प्रेषक,

डा0 उमाकान्त पंवार,
सचिव,
उत्तराखण्ड शासन।

सेवा में,

परिवहन आयुक्त,
उत्तराखण्ड देहरादून।

परिवहन अनुभाग–1 *देहरादून : दिनांक 01 ~~दिसम्बर~~ जनवरी, ~~2012~~ 2013*

विषय–परिवहन विभाग के अन्तर्गत नये सहायक सम्भागीय परिवहन कार्यालय एवं प्रवर्तन कार्यालय हेतु पदों का सृजन।

महोदय,

उपरोक्त विषयक पर मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि शासन द्वारा सम्यक विचारोपरान्त प्रदेश के जनपद देहरादून के विकासनगर, जनपद हरिद्वार के रूड़की तथा जनपद उधमसिंहनगर के काशीपुर तहसीलों में वाहनों की बढ़ोत्तरी तथा उक्त स्थानो के साथ–साथ जनपद नैनीताल, चकराता तथा रूड़की में प्रवर्तन कार्य को और प्रभावी बनाने हेतु परिवहन विभाग उत्तराखण्ड के संरचनात्मक ढांचे के गठन के अन्तर्गत निम्नानुसार पदों के सृजन किये जाने हेतु श्री राज्यपाल महोदय सहर्ष स्वीकृति प्रदान करते है।

सहायक सम्भागीय परिवहन कार्यालय विकासनगर,काशीपुर,रूड़की (03)

कमांक	पदनाम	वेतन बैण्ड	पदों की संख्या
1,	सहायक सम्भागीय परिवहन अधिकारी (प्रशासन)	वेतन बैण्ड रू0 15600–39100 ग्रेड पे रू0 5400	03
2,	सम्भागीय निरीक्षक(प्रा0)	वेतन बैण्ड रू0 9300–34800 ग्रेड पे रू0 4200	03
3.	सहायक लेखाकार	वेतन बैण्ड रू0 5200–20200 ग्रेड पे रू0 2800	03
4.	प्रवर सहायक	वेतन बैण्ड रू0 5200–20200ग्रेड पे रू0 2400	03
5.	कनिष्ठ सहायक	वेतन बैण्ड रू0 5200–20200 ग्रेड पे रू0 1900	03
6.	अनुसेवक	आउट सोसिंग / संविदा के आधार पर	03
		कुल	18

प्रवर्तन कार्यालय हेतु यथा चकराता, रूड़की, नैनीताल (03 कार्यालय)

कमांक	पदनाम	वेतन बैण्ड	पदों की संख्या
1.	परिवहन–कर अधिकारी–प्रथम	वेतन बैण्ड रू0 9300–34800 ग्रेड पे रू0 4600	03
2.	प्रवर्तन पर्यवेक्षक	वेतन बैण्ड रू0 5200–20200 ग्रेड पे रू0 1900	03
3.	प्रवर्तन सिपाही	वेतन बैण्ड रू0 5200–20200 ग्रेड पे रू0 1800	06
4.	चालक	आउट सोसिंग / संविदा के आधार पर	03
		कुल	15
		कुल योग	**33 पद**

2. उपरोक्त पदों के पदधारकों को शासन द्वारा समय–समय पर स्वीकृत महगाई भत्ता एवं अन्य भत्ते, जो भी नियमानुसार अनुमन्य होगें, देय होगें।

उक्त पदों के सृजन के फलस्वरूप तद्विषयक संवर्ग में अस्थाई अभिवृद्धि के रूप में माने जायेगें। तकनीकी पदों के अतिरिक्त समूह ग व घ के पदों को यथासम्भव सरप्लस मूल/छंटनी शुदा कार्मिकों से समायोजन द्वारा भरे जायेगें और इसके द्वारा पदों को भरा जाना सम्भव न होने पर ही सीधी भर्ती से पदों को भरा जायेगा।

उपरोक्त के सम्बन्ध में होने वाला व्यय चालू वित्तीय वर्ष 2012–13 के आय व्यय में अनुदान संख्या–24 के लेखाशीर्षक–3050–सड़क परिवहन–00–आयोजनेत्तर–001–निदेशन तथा प्रशासन–03–परिवहन सम्बन्धी अधिष्ठान–00–के अन्तर्गत सुसंगत प्राथमिक इकाईयों के नामें डाला जाएगा।

यह आदेश वित्त विभाग के अर्द्धशासकीय संख्या–1013/xvii/वित्त अनुभाग–7/2012 दिनांक 31 दिसम्बर 2012 में प्राप्त उनकी सहमति से जारी किए जा रहें है।

भवदीय,

(डा0 उमाकान्त पंवार)
सचिव

संख्या– 02 /ix/58/2013 तद्दिनांक।

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

1– महालेखाकार,उत्तराखण्ड ओबराय भवन माजरा, रोड देहरादून।
2– आयुक्त गढ़वाल मण्डल पौड़ी/कुमायूँ मण्डल नैनीताल।
3– समस्त जिलाधिकारी, उत्तराखण्ड।
4– समस्त वरिष्ठ कोषाधिकारी/कोषाधिकारी, उत्तराखण्ड।
5– वित्तीय डाटा सेन्टर –23 लक्ष्मी रोड डालनवाला देहरादून।
6– आहरण वितरण अधिकारी, परिवहन आयुक्त कार्यालय उत्तराखण्ड देहरादून।
7– एन0आई0सी0, सचिवालय परिसर देहरादून।
8– गार्ड फाईल।

आज्ञा से

(नवीन सिंह तड़ागी)
उप सचिव